retrenched casual labourers of Panskura-Haldia Section were employed under the control of DEN(C)/Kharagpur. On closure of the said project they were retrenched. The quesion of their re-employment will be considered when a new work is sanctioned in this area. Howrah-Amta-Chempadanga construction is under DEN(C) Garden Reach and this is a separate employing unit. The retrenched labour of this unit have to be catered for first. After this the Pashura-Haldia Labour can be employed in this unit if necessity still existed.

सीकर जंकशन पर प्रतीक्षालय

2133. **श्री कुम्भाराम आर्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सीकर रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन अनेक रेलगाड़ियां गुजरती हैं ;

(ख) यदि हां, तो वहां पर यात्रियों के लिए कितने प्रतीक्षालय हैं ; और

(ग) यदि एक भी प्रतीक्षालय नही है तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मल्लिकार्जुन)

(क) जी हां ।

(ख) यहां पर उच्च दर्जे के दो प्रतीक्षालय हैं—एक पुरुषों के लिए तथा दूसरा महिलाओं के लिए । इसके अलावा, यहां पर दूसरे दर्जे के यात्रियों के इस्तेमाल के लिए एक प्रतीक्षालय भी है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

ग्रामीण स्वास्थ्य योजना पर व्यय

2134. **श्री भगवान देव** : क्या स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण स्वास्थ्य योजना पर प्रत्येक राज्य में अब तक कितनी धनराशि खर्च की गई है ;

(ख) क्या इस योजना की उपयोगिता के बारे में सरकार को राज्य सरकार की ओर से कोई टिप्पणी प्राप्त हुई है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार इस योजना में संशोधन करने का है ?

स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निहार रंजन लास्कर):

(क) वर्ष 1977-78, 1978-79 तथा 1979-80 के दौरान राज्यवार आबंटन का एक विवरण 1 में दे दिया गया है । 1977-78 और 1978-79 के आबंटन जहां इस योजना पर विचार गये कुल खर्च के लिए किये गये थे, वहां 1979-80 का आबंटन विचार किए खर्च का केवल 50 प्रतिशत है, क्योंकि पहली अप्रैल, 1979 से स्वीकृत पैटर्न के अनुसार 50 प्रतिशत खर्च सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाना था।

(ख) और (ग). जी हां । एक विवरण 2 में दिया गया है ।

(घ) राज्य सरकारों से मिली टिप्पणियों और सुझावों तथा द्वितीय मूल्यांकन रिपोर्ट (1979) में निहित निष्कर्षों तथा सुझावों के आधार पर इस योजना में उसके 2 अक्तूबर, 1979 से आरम्भ होने वाले तीसरे चरण से कुछ संशोधन कर दिये गये हैं ।